# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## सरपट भाग रही भारत की इकोनॉमी, जनवरी-मार्च तिमाही मे GDP ग्रोथ 6.8% रहने का अनुमान ; एक्सपर्ट्स ने बताई वजह।


Publisher Published on 23 May 2025





## ड्यूश बैकं और ब्लूमबर्ग ने भारतीय जीडीपी मे तेज़ उछाल का जताया भरोसा, सब्सिडी मे कंमी और टैक्स कलेक्शन मे बंढ़ोतरी को माना मुख्य कारण।

**नई दिल्ली, 23 मई 2025**: भारत की **अर्थव्यवस्था** एक बार फिर तेज़ी के रास्ते पर है। **जर्मनी के प्रमुख वित्तीय संस्थान ड्यूश बैंक** ने अनुमान जताया है कि **जनवरी-मार्च 2025 तिमाही** में भारत की **GDP ग्रोथ 6.8%** रह सकती है। यह वृद्धि सब्सिडी में भारी कमी और टैक्स कलेक्शन में इजाफे के चलते मुमकिन मानी जा रही है।

**ड्यूश बैकं के भारत, मलेशिया** और **साउथ एशिया के चीफ इकोनॉमिस्ट कौशिक दास** के अनुसार, इस वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था की नींव और मजबूत हो रही है।

### GVA बनाम GDP – क्या है अंतर ?

**कौशिक दास** ने बताया कि चौथी तिमाही में **GVA (सकल मूल्य वर्धित) ग्रोथ 6.5%** रह सकती है, जबकि **GDP ग्रोथ 6.8%** अनुमानित है। इस अंतर की मुख्य वजह 2024 की समान तिमाही की तुलना में सब्सिडी वितरण में 44% की गिरावट है। इससे टैक्स कलेक्शन में इजाफा हुआ है, जिससे GDP आंकड़ा GVA से अधिक आ सकता है।

### ब्लूमबर्ग का समर्थन

ब्लूमबर्ग ने भी ड्यूश बैंक के इस पूर्वानुमान का समर्थन किया है। उसने **GDP के लिए 6.8% और GVA के लिए 6.4% ग्रोथ** का अनुमान जताया है।

**IMMI इंडिकेटर भी सकारात्मक**

**ड्यूश बैंक का इंडिया मैक्रोइकोनॉमिक मोमेटंम इंडिकेटर (IMMI)** भी इस अनुमान की पुष्टि करता है। यह इंडिकेटर पांच प्रमुख आर्थिक संकेतकों जैसे **इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन, बैंक क्रेडिट** आदि को ट्रैक करता है और यह भी **6.8% ग्रोथ** को सपोर्ट कर रहा है।

हालांकि, अंतिम सरकारी आंकड़े **30 मई 2025** को जारी होंगे, तब वास्तविक स्थिति का खुलासा होगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.